
# फ़ैमिली गाइड
## अब किशोर क्रिएटर्स का परिवार बनेगा उनका मददगार

## अभिभावकों के लिए सलाह

common sense networks™ के साथ पार्टनरशिप में है YouTube



**डिजिटल कनेक्टिविटी की दुनिया में, किशोरों को न सिर्फ़ कॉन्टेंट देखना पसंद है, बल्कि वे कॉन्टेंट बनाने के भी शौकीन हैं.**

वीडियो बनाने से, किशोर अपनी दिलचस्पियों के बारे में जान पाते हैं, अपनी बातें रख पाते हैं, और कनेक्शन बना पाते हैं. माता-पिता/अभिभावक के पास भी इसमें शामिल होने के कई विकल्प हैं. इन चेकलिस्ट का इस्तेमाल करके, किशोरों के लिए ऑनलाइन प्लैटफ़ॉर्म को ज़्यादा बेहतर, सुरक्षित, और मज़ेदार बनाएं!

## सेहत का ध्यान

ऐसा माहौल बनाएं जिससे डिजिटल डिवाइसों के इस्तेमाल को लेकर आपके किशोर बच्चे की अच्छी आदतें बन पाएं. साथ ही, उसके स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिल सके. सुरक्षित माहौल मिलने पर अच्छा महसूस किया जा सकता है!



### उनकी सेहत को प्राथमिकता दें

- [x] **संतुलन बनाएं**
  उनकी पसंदीदा ऑनलाइन और ऑफ़लाइन गतिविधियों के लिए समय निकालें.
- [ ] **सपोर्ट सिस्टम बनाएं**
  इसमें भरोसेमंद दोस्तों और परिवार के सदस्यों को शामिल करें, (स्पॉइलर अलर्ट)...जैसे कि आप!
- [ ] **जश्न मनाएं!**
  उनकी प्रोग्रेस की सराहना करें, फिर चाहे वह बड़ी हो या फिर छोटी.
- [ ] **उन पर भरोसा रखें**
  पूरी प्रोसेस के दौरान, उनकी भावनाओं के बारे में जानें.

# फ़ैमिली गाइड
## अब किशोर क्रिएटर्स का परिवार बनेगा उनका मददगार

## अभिभावकों के लिए सलाह

common sense networks™ के साथ पार्टनरशिप में है YouTube

### बेहतर कम्यूनिटी बनाएं

- **कॉन्टेंट बनाते समय दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करें**
  इस बात का ध्यान रखें कि उनके वीडियो और टिप्पणियों को लोग किस तरह से ले सकते हैं.
- **बिना किसी भेदभाव के सभी को शामिल करें**
  इस बात की पुष्टि करें कि उनका कॉन्टेंट किसी के लिए आपत्तिजनक न हो या पक्षपात को बढ़ावा न देता हो.
- **गंभीरता से सोचें**
  गलत जानकारी का पता लगाएं, ताकि यह पक्का किया जा सके उनकी कही गई बातें सही हों.
- **इंटरनेट पर धमकी से बचाव करें**
  उन्हें धमकियों और ऑनलाइन नकारात्मकता से दूर रहने (या शिकायत करने) के बारे में बताएं.

## ज़िम्मेदारी के साथ डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करें

अपने किशोर बच्चे को ज़िम्मेदारी के साथ डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करने के बारे में बताएं, ताकि वह खुद पर और दूसरों पर अपनी कार्रवाइयों से पड़ने वाले असर के बारे में सोचे.

## सुरक्षा

कॉन्टेंट बनाने के सफ़र में अपने किशोर बच्चों के साथी के तौर पर, उनकी सुरक्षा और निजता को प्राथमिकता दें. हालांकि, इसका असर उनकी क्रिएटिविटी पर न पड़ने दें.

### ज़रूरत से ज़्यादा जानकारी शेयर न करें

- **सीमाएं तय करें**
  चर्चा करें कि किस जानकारी को शेयर करना सही है और किसे शेयर नहीं किया जा सकता.
- **निजता सेटिंग की समीक्षा करें**
  तय करें कि उनके वीडियो कहां दिखेंगे और उन्हें कौन देख पाएगा.
- **ज़रूरी जानकारी की जांच कर लें**
  ध्यान दें कि उनके शब्दों, कपड़ों या जगहों से निजी जानकारी ज़ाहिर न हो.
- **सहमति लेना**
  यह पक्का करें कि जिन लोगों को वीडियो में दिखाया जा रहा हो या जिनका नाम टैग किया जा रहा हो उन्होंने इसकी सहमति दी हो.
- **जोखिमों को ध्यान में रखें**
  उन्हें रुकने >जोखिम का आकलन करने >फ़ैसला लेने के बारे में याद दिलाएं

**फ़ैमिली गाइड अब किशोर क्रिएटर्स का परिवार बनेगा उनका मददगार** पर जाकर ज़्यादा जानें.